प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

बजट सत्र

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा है कि केंद्र सरकार की मजबूत नीतियों व पहलों के कारण देश में कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए आज राष्ट्रपति ने कहा कि खाद्य और बागवानी फसलों का रिकोर्ड उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार उन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है जिनमें कृषि क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राष्ट्रीय मिशनों के माध्यम से खाद्य तेलों, तिलहन और दालों पर कृषि उत्पादों के आयात को कम करना है।

वर्ष 2024–25 में खाद्यानो और बागवानी की फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है, सरकार इन फसलों का भी उत्पादन बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जिसमें अभी तक हमारा कृषि क्षेत्र पीछे था, सरकार की मंशा है कि इससे कृषि उत्पादकों का आयात भी कम हो, खाद्य तेल, तिलहन और दोलन से जुड़े नेशनल मिशन के कारण इन क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, इसके बल पर 2024–25 में देश में ऑयल सीड फसलों का उत्पादन भी बड़ा है।

राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सात हजार दो सौ किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे दूरस्थ, पहाड़ी, जनजातीय और सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंच आसान हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए लागू किए गए विकसित भारत जी राम जी कानून का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये कानून गांवों में एक सौ 25 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करेगा।

विकसित भारत जी राम जी कानून बनाया गया है, लेही रिफॉर्म से गांव में 125 दिन के रोजगार की गरेंट होगा, साथ ही भ्रष्टाचार और लीकेज को रोकना सुनिश्चित हो पाएगा।

बजट सत्र

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में अपनी नीव मजबूत की है और वर्ष 2026 विकसित भारत की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

वर्ष 2026 के साथ ही हमारे देश इस सदी के दूसरी पड़ाव पर पहुंच गया है, बीते 10–11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अपनी नीव मजबूत की है, ये वर्ष 2047 तक विकसित भारत की तेज यात्रा का बहुत बड़ा आधार है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए देश में लगभग 12 हजार आयुष स्वास्थ्य व कल्याण केंद्र स्थापित किए गए हैं। केरल के एक अस्पताल के शताब्दी समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुर्वेद के योगदान व भूमिका की सराहना की । भारत यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समझौता

भारतीय पांरपरिक चिकित्सा सेवाओं और चिकित्सकों को बढ़ावा देगा। इससे देश में आयुर्वेद और योग से जुड़े क्षेत्र के युवाओं को सहयोग मिलेगा।

जी राम जी

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत–2047 के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। चम्बा में वीबी जी राम जी योजना पर आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक डी.एस. ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना किसी भी प्रकार से राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए बनाई गई एक दूरदर्शी योजना है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस योजना को घर–घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बीते 24 घंटो के दौरान हुए हिमपात और निचले क्षेत्रों में वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में हैं। बर्फबारी के चलते सैंकड़ों सड़क मार्ग यातायात के लिए बंद है वहीं कई स्थानों पर विद्युत व पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित है।

उधर चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की दूरदराज पूलन पंचायत के ओट नाला में देर रात आए ग्लेशियर ने भारी तबाही मचाई है। इस ग्लेशियर की चपेट में 2 मालवाहक सामान से लदी गाड़ियां आ गई और 3 व्यावसायिक दुकानों को भी नुकसान हुआ है। पंचायत प्रधान अनीता कपूर ने इस घटना की पुष्टि करते हुए सरकार व प्रशासन से जल्द इलाके का मुआयना कर प्रभावितों को राहत प्रदान करने की मांग की है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के उच्च व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में आज भी हल्की बर्फबारी व बारिश जबकि निचले क्षेत्रों में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।